Cug No. 9473942683
eecdchandauli170@gmail.com

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय,उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)–चन्दौली।

पत्रांक 4502 / पे0(-शि0) / 179 दिनांक 30.06.26

सेवा में,

जिलाधिकारी,
जनपद चन्दौली।

विषयः– दैनिक समाचार पत्र "अमर उजाला" में प्रकाशित समाचार शीर्षक "5.2 किमी पाइप लाइन से 285 घरों में पहुंच रहा पानी" के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक हिन्दी "अमर उजाला" में दिनांक– 30.06.2026 को प्रकाशित शीर्षक "5. 2 किमी पाइप लाइन से 285 घरों में पहुंच रहा पानी" सम्बन्ध में आख्या निर्धारित प्रारूप पर संलग्न कर प्रेषित है।

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

संलग्नक– उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(विवेक कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबंध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, चन्दौली।
5. मुख्य अभियन्ता (वारा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
6. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।

अधिशासी अभियन्ता

DHO PS SWSM CHANDAULI

Scanned with OKEN Scanner

Cug No. 9473942683
eecdchandauli170@gmail.com

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय,उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)–चन्दौली।

पत्रांक 4502 / जेपीएम / 179 दिनांक 30.06.26

सेवा में,

जिलाधिकारी,
जनपद चन्दौली।

विषयः– दैनिक समाचार पत्र "अमर उजाला" में प्रकाशित समाचार शीर्षक "5.2 किमी पाइप लाइन से 285 घरों में पहुंच रहा पानी" के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक हिन्दी "अमर उजाला" में दिनांक– 30.06.2026 को प्रकाशित शीर्षक "5.2 किमी पाइप लाइन से 285 घरों में पहुंच रहा पानी" सम्बन्ध में आख्या निर्धारित प्रारूप पर संलग्न कर प्रेषित है।

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

संलग्नक– उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(विवेक कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबंध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, चन्दौली।
5. मुख्य अभियन्ता (वारा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
6. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।

अधिशासी अभियन्ता

DEO PS SWSM CHANDAULI

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), चन्दौली।

| समाचार पत्र में प्रकाशित खबर का विवरण एवं अद्यतन आख्या | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | समाचार पत्र एवं दिनांक | प्रकाशित शीर्षक | आख्या | टिप्पणी |
| 1 | चन्दौली | दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला एवं दिनांक– 30.06.2026 | 5.2 किमी पाइप लाइन से 285 घरों में पहुंचा रहा पानी | जनपद चन्दौली के विकासखण्ड चन्दौली में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सूचीबद्ध फर्म मैसर्स ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लिमिटेड द्वारा पुरवा तालुका चकिया पेयजल योजना (सम्मिलित ग्राम पुरवा तालुका एवं चकिया) निर्माणाधीन है। योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्य ट्यूबवेल, शिरोपरि जलाशय की क्षमता 75के0एल0/14मी0, पम्प हाउस, बाउण्ड्री वॉल का कार्य पूर्ण हो चुका है, पाइप लाइन 6.33 कि0मी0 के सापेक्ष 5.02 कि0मी0, गृह जल संयोजन का कार्य 396 नग के सापेक्ष 310 नग में नियमित पेयजल आपूर्ति करायी जा रही है। ग्रामीणो द्वारा अवगत कराया गया कि पानी मिलने से उन्हें भीषण पड़ रही गर्मी में काफी राहत मिली है। उक्त पेयजल योजना में वर्तमान समय में अवशेष पाइप लाइन बिछाने, ज्वाइंटिग एवं गृह जल संयोजन का कार्य प्रगति पर है। जिसे फर्म को निर्देशित कर दिया गया है कि शीघ्र ही पूर्ण कराते हुये पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करे। | – |

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

सहूलियत

पुरवा तालुका ग्रामसभा में जलजीवन मिशन के हर घर नल जल योजना के सभी कार्य पूरे

# 5.2 किमी पाइप लाइन से 285 घरों में पहुंच रहा पानी

30-6-26 अमर उजाला नं० 2

संवाद न्यूज एजेंसी

जिले के चयनित 734 ग्राम पंचायतों के घरों में नल से जल पहुंचाने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है। अब तक योजना से जुड़े 80 प्रतिशत कार्य पूरे कर लिए गए हैं। सभी कार्यदायी संस्थाओं को शीघ्र कार्य पूरे करने के निर्देश दिए गए हैं। - **विवेक कुमार, अधिशासी अभियंता, जलनिगम ग्रामीण, चंदौली।**

**पीडीडीयू नगर।** चकिया विधानसभा के पुरवा तालुका ग्रामसभा में जलजीवन मिशन के हर घर नल जल योजना के तहत सभी काम पूरे कर लिए गए हैं। गांव में 75 टंकी का निर्माण पूरा हो गया है। वहीं पंप हाउस, चहारदीवारी व बिजली ग्रिड भी लगा दिया गया है।

घरों में पानी पहुंचाने के लिए करीब 5.2 किलोमीटर पाइप लाइन भी बिछाई गई है। टंकी में पानी चढ़ाने को लेकर ट्यूबवेल चलाने के लिए बिजली ग्रिड की व्यवस्था की गई है। वर्तमान में गांव के 285 घरों में सुबह व शाम दो समय नल से जल पहुंचाया जा रहा है।

जिले में वर्ष 2021 से जल जीवन मिशन के तहत हर घर-नल योजना चलाई जा रही है।

योजना का उद्देश्य जिले के 734 ग्राम पंचायतों के सभी घरों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना है। इसके लिए गांवों में पानी की टंकी बनाने, ट्यूबवेल लगाने व पाइप लाइन के जरिए घरों तक नल से जल पहुंचाया जा रहा है। पुरवा तालुका ग्रामसभा के ग्रामीण अभी तक कुओं व हैंडपंप से निकलने वाले पानी पर आश्रित थे लेकिन समय बीतने के साथ गर्मी में कुएं सूखने लगे हैं और हैंडपंपों ने पानी देना छोड़ दिया है।

इससे ग्रामीणों को पानी के लिए काफी परेशानी उठानी पड़ रही थी। इस बीच आई केंद्र सरकार की योजना से उनकी इस बड़ी समस्या का समाधान हुआ है। वर्तमान में चयनित 396 घरों के सापेक्ष 285 घरों में सुबह और शाम दो बार नल से जल पहुंचाया जाने लगा है। घरों में नल से जल पहुंचने के बाद ग्रामीणों में हर्ष है।

उनका कहना है कि पानी मिलने से उन्हें भीषण पड़ रही गर्मी में काफी राहत मिली है। जलनिगम ग्रामीण के अधिकारियों का दावा है कि बचे घरों में भी शीघ्र पानी पहुंचा दिया जाएगा।



पूर्वा तालुका गांव में बनी पानी की टंकी। संवाद

Scanned with OKEN Scanner